मातृभाषा दिवस आयोजन

दिनांक 20.02.2020 को मातृभाषा दिवस का आयोजन 'एक भारत- श्रेष्ठ भारत क्लब' राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसागंज फ़िरोज़ाबाद में प्राचार्य डॉ आर पी शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ESBS कॉलेज नोडल प्रभारी डॉ आशुतोष कुमार राय ने मातृभाषा का अर्थ, मातृभाषा दिवस का इतिहास और इसे मनाए जाने का संदर्भ स्पष्ट करते हुए ESBS के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय वक्तव्य में प्राचार्य डॉ आर पी शर्मा ने छात्राओं को अपनी मातृभाषा को लेकर गौरवान्वित महसूस करने और मातृभाषा के संस्कार विकसित करने का संकल्प दिलाया। मातृभाषा के विषय में छात्राओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मातृभाषा के ऊपर लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी छात्राओं के सम्मुख किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की डॉ कांति शर्मा, डॉ राधेश्याम सिंह, डॉ चंद्रपाल, डॉ संजीव कुमार, कर्मचारी रामशंकर और रामदुलारे उपस्थित रहे।
(21 फरवरी को शिवरात्रि अवकाश)

Scanned by CamScanner